# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 425/परीक्षा/MSU/2023–24 दिनांक: 02/04/2024

## संशोधित अधिसूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा व्यक्तिगत/संस्थागत M.A / M.Com द्वितीय वर्ष की (Main / Ex), BFA द्वितीय व तृतीय वर्ष की (Main / Ex) , B.Ed प्रथम वर्ष की (Main/Back /Ex) व द्वितीय वर्ष की (Main /Back /Ex) , B.Sc. (Biotechnology), B.Sc. (Microbiology), B.Sc (PE, HE & SPORTS), B.A.B.Ed / B.Sc.B.Ed / B.El.Ed / B.P.Ed की प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रमों की सत्र 2023–24 की Main/Ex के परीक्षा फार्म भरे जाने की अन्तिम तिथि 02.04.2024 थी। माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में उपर्युक्त तिथि विस्तारित की जा रही है। इन पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.msuweb.in उपलब्ध रहेंगे।

**छात्र फार्म भरने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को अनिवार्य रूप से पढें।**

01 सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट www.msuweb.in पर जाकर Exam Form पर Click करें।

02 परीक्षा आवेदन फार्म भरने हेतु स्वयं के स्थाई मोबाइल नम्बर ई–मेल आई0डी0 का प्रयोग करें। एक मोबाइल नम्बर एंव ई–मेल आई0डी0 से एक ही फार्म का पंजीकरण किया जायेगा।

03 समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना नवीनतम फोटो एंव हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकायें। अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जा सकता है। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरें क्योंकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।

04 परीक्षा फार्म एंव परीक्षा शुल्क ऑनलाइन (Online) के माध्यम से ही भरा जायेगा। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट आदि स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑनलाइन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

05 छात्र द्वारा फार्म के साथ लगाये जाने वाले संलग्नकों में प्रत्येक संलग्नक के दाहिनी ओर शीर्ष पर अपनी फार्म संख्या अंकित करना अनिवार्य है।

06 उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा स्वयं सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराया जायेगा। महाविद्यालय/संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जाँच कर यह सुनिश्चित करे कि फार्म के साथ वांछित संलग्नक लगाये गये है अथवा नहीं ?

07 महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मो में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी। विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**महाविद्यालयों/संस्थानों हेतु विशेष दिशा–निर्देश :–**

❖ महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि वार्षिक परीक्षा के परीक्षा फार्म नोमिनल रोल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा किये जायेंगे।

❖ फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कम्प्यूटर एंजेसी द्वारा निर्मित ऑनलाइन नॉमिनल रोल लिस्ट, जो संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित की गयी है, केवल वही जमा होगी, संस्थान द्वारा अपने स्तर से निर्मित कोई भी सूची स्वीकार नहीं होगी।

❖ फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये समस्त अग्रिम देयकों (जैसे कि प्रोविजनल डिग्री फीस एंव परीक्षा हेतु दिये गये अग्रिम धनराशि आदि) का समायोजन कराकर लेखा विभाग द्वारा जारी अदेयता प्रमाण–पत्र (no dues certificate) की छायाप्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

❖ महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में किसी भी विद्यार्थी को दो वर्षो (एक मुख्य वर्ष एंव एक भूतपूर्व छात्र के रूप में) का परीक्षा फार्म एक साथ न भरवाया जाये। अन्यथा की स्थिति में उनका परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान एंव स्वयं छात्र की होगी।

**ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु तिथिवार विवरणः–**

| | | पूर्व निर्धारित तिथि – | | विस्तारित तिथि– |
|---|---|---|---|---|
| 01 | छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाइट पर ऑन–लाइन भरने एवं ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि। | 27.03.2024 | – | 03.04.2024 |
| 02 | छात्रों के द्वारा ऑन–लाइन परीक्षा फार्म भरने तथा ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि। | 02.04.2024 | – | 10.04.2024 |
| 03 | छात्रों द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये संदर्भित परीक्षा फार्म का ऑनलाइन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि | 04.04.2024 | – | 12.04.2024 |
| 04 | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल (NR) सहित परीक्षा फार्म (NR के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि। | 06.04.2024 | – | 15.04.2024 |

**नोट–** 01 कृपया यह भी सुनिश्चित करें ले की अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी का कोई परीक्षा फार्म किसी भी दशा स्वीकार नहीं किया गया जायेगा।

02 परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म के साथ समस्त सत्यापित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

03 नव प्रवेशित विद्यार्थियों की माइग्रेशन सर्टिफिकेट मूलरूप में संलग्न कर जमा कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम रोक दिया जायेगा, जिसकी समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01 सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
02 प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
03 वित्त अधिकारी।
04 कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
05 कुलसचिव कार्यालय।
06 उपकुलसचिव कार्यालय।
07 प्रभारी (सीक्रेसी), माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
08 प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
09 प्रभारी वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
10 विश्वविद्यालय सूचना पट।
11 अधिकृत एजेंन्सी को इस आशय से प्रेषित की कृपया उक्त नियमों के अनुसार ही फार्म भरवाना सुनिश्चित करें।

(कमल कृष्ण)
उपकुलसचिव